**.दिनांक 12.02..2024 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

---

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति, हर घर जल ग्राम घोषित किये जाने तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 12.02.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे से भारत रत्न डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार कक्ष, कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में सम्पन्न हुई, जिसका अनुमोदन जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक–15.02.2024 को किया गया। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें–

1. श्री सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), हमीरपुर।
2. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
3. श्री मानवेन्द्र कुमार, ~~अधिशासी~~ सहा0 अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
4. श्री शिवम कुमार, ~~अधिशासी~~ सहा0 अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
5. श्री आशीष बाजपायी, ~~अधिशासी~~ सहा0 अभियंता (इले0 एण्ड मैके0), एस0डब्लू0एस0एम0, हमीरपुर।
6. श्री मोहनीश शारदा, क्यू0ए0/क्यू0सी0 इंजीनियर, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
7. श्री आर0के0शुक्ला, सुपरविजन इंजी0, आरवी एसो0 (पी0एम0सी0), हमीरपुर।
8. श्री अशोक कुमार, प्रोजेक्ट को–आर्डिनेटर, पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0(जेवी)।
9. श्री शैलेन्द्र प्रकाश गुप्ता, ए0जी0एम0, एस0पी0एम0एल0–जे0डब्लू0आई0एल0(जेवी)।
10. श्री संगम नाथ पाण्डेय, ए0जी0एम0, एस0पी0एम0एल0–जे0डब्लू0आई0एल0(जेवी)।
11. श्री राष्ट्रपाल नागले, डी0पी0एम0 श्री हरि इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स।
12. श्री आशुतोष, एम0डी0, जय माँ लक्ष्मी कन्सट्रक्सन।
13. श्री सोनू कुमार, एम0एम0, अनिल कुमार शर्मा।
14. सै0 सूजा अब्बास, साईट इंजी0, एन0के0 गुप्ता।



अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हमीरपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 02 पेयजल योजना–**(1) पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत)**, आच्छादित 131 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं एवं 17 राजस्व ग्राम में वाटर डिमांड ली गयी है **(2) हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना** निर्माणाधीन हैं। हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 02 परियोजनाएं–**(i)** हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना सतही स्त्रोत **(ii)** हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना, नलकूप आधारित संचालित हैं, जिनमें कुल 193 ग्राम सम्मिलित हैं तथा 11 ग्रामों में वाटर डिमांड ली गयी है।

## पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना में 131 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं एवं 17 राजस्व ग्राम में वाटर डिमांड ली गयी है, जिसमें विकास खण्ड मौदहा के 82 एवं विकास खण्ड सुमेरपुर के 66 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। उपरोक्त परियोजना में 01 इन्टेकवेल, 01 डब्लू0टी0पी0, 10 सी0डब्लू0आर0, 46 अवर जलाशय 306.63 किमी0 राइजिंगमेन, 908.886 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 47940 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार प्रगति निम्नवत है:–



Scanned with OKEN Scanner

फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि **इन्टेकवेल** (45 एम0एल0डी0), **डब्लू0टी0पी0** (45 एम0एल0डी0) तथा सभी **10 सी0डब्लू0आर0** का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

**पम्प हाउसः–** फर्म SPML-JWIL(JV) के एसी0 जनरल मैनेजर द्वारा बताया गया कि योजना में 10 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 09 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 01 नग पम्प हाउस (मकरॉव) पर पेंटिंग तथा फिनशिंग का कार्य किया जा रहा है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–22.02.2024** तक पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पम्प हाउस की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मैनपावर लगाते हुए स्वीकृत ड्राईंग एवं डिजाइन एवं मानकों के अनुसार अवशेष कार्यों अविलम्ब पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अवर जलाशयः**–फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 46 नग अवर जलाशयों के सापेक्ष 38 अवर जलाशयों का टॉप डोम कार्य पूर्ण हो चुका है, 08 अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–25.02.2024 तक 06 तथा दिनांक 03.03.2024 तक 01 अवर जलाशय तथा दिनांक–10.03.2024 तक शेष 01 अवर जलाशय** का कार्य पूर्ण कर फंक्शनल कर दिया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म को निर्देशित किया कि अवशेष सभी अवर जलाशयों पर पर्याप्त टीमें लगाकर एक साथ समान्तर रूप से कार्य करायें, अवर जलाशयों को फंक्शनल करना सुनिश्चित करें।

**राइजिंगमेन एवं वितरण प्रणालीः**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित राइजिंगमेन 306.36 किमी0 के सापेक्ष 0.39 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य तथा प्रस्तावित वितरण प्रणाली 908.886 किमी0 के सापेक्ष 1.146 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य शेष है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पाइपलाइन बिछाये जाने की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। कार्यदायी फर्म द्वारा आवश्वासन दिया गया कि **दिनांक–29.02.2024 तक राइजिंगमेन तथा वितरण प्रणाली** पाइप बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

FHTC **कनेक्शनः**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित 47940 FHTC के सापेक्ष 46289 नग FHTC का कार्य पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय ने फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि अवशेष 1651 नल संयोजनों को दिनांक–29.02.2024 तक पूर्ण करा लिया जाय।

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंगः**– फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 112 राजस्व ग्रामों में फ्लशिग व टेस्टिंग का कार्य पूर्ण, 57 ग्रामों में निरंतर जलापूर्ति की जा रही है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आवश्वासन दिया गया कि **दिनांक–29.02.2024 तक शेष सभी 12 ग्रामों** में टेस्टिंग पूर्ण कर ली जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष प्रकट किया गया कि विगत 01 माह से निरंतर जलापूर्ति ग्रामों की प्रगति शून्य है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि **दिनांक–29.02.2024 तक शेष** फ्लशिग व टेस्टिंग का कार्य पूर्ण किये गये सभी ग्रामों में निरंतर रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करें।

**रोड रेस्टोरेशनः**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अभी तक 102 राजस्व ग्रामों में सी0सी0 रेस्टोरेशन तथा 53 ग्रामों बी0ओ0ई0 रेस्टोरेशन कार्य किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सड़क पुर्ननिर्माण कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया कि 03 सप्ताह में मात्र 06 ग्रामों में ही सी0सी0 रेस्टोरेशन कार्य पूरा किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक 29.02.2024 तक अवशेष सभी ग्रामों में सी0सी0** रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा तथा **13.02.2024 तक 04 ग्रामों में, 20.02.2024 तक 10 ग्रामों में, 29.02.2024 तक 18 ग्रामों में तथा दिनांक–30.03.2024 तक अवशेष सभी ग्रामों में** बी0ओ0ई0 तथा पेवर ब्लाक का कार्य पूर्ण किया जायेगा। कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि जिन–जिन राजस्व ग्रामों में रोड–रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है, उसे पर्याप्त मानवश्रम लगाकर दिनांक–20.03.2024 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।



Scanned with OKEN Scanner

145

**हर घर जल सर्टीफिकेटः**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 59 राजस्व ग्राम के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जा चुके हैं। जिलाधिकारी महोदय हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जाने की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया कि प्रतीत होता है कि गैप क्लोजिंग का कार्य पूर्ण न होने के कारण टेस्टिंग कार्य पूर्ण किये गये सभी ग्रामों में निरंतर जलापूर्ति नहीं की जा रही है व शत–प्रतिशत रोड़–रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, बीच–बीच में पैच छूटे हुए हैं, जिसके कारण हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करने में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। फर्म को निर्देशित किया गया कि कार्ययोजना के अनुसार पर्याप्त टीमें लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन, एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण कर तथा निरंतर रूप से जलापूर्ति करते हुए हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–20.02.2024 तक** 10, **दिनांक–29.02.2024 तक** 10, **दिनांक–10.03.2024 तक अवशेष सभी** हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त कर लिया जायेगा।

<u>हरौलीपुर ग्राम समूह सतही एवं भूजल आधारित पाइप पेयजल योजना</u>

अधिशासी अभियंता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजना के माध्यम से कुरारा के 28 ग्राम सम्मिलित है तथा 11 ग्रामों की वाटर डिमांड ली गयी है तथा हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पेयजल योजना के माध्यम से विकास खण्ड मुस्करा, सरीला, राठ एवं गोहाण्ड के 165 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं।

<u>हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजना</u>–:

हरौलीपुर सतही स्त्रोत योजनान्तर्गत 01 इन्टेकवेल (9 MLD), 01 डब्लू0टी0पी0 (8 MLD), 12 नग अवर जलाशय तथा 05 नग सी0डब्लू0आर0, राइजिंगमेन 84.084 किमी0, वितरण प्रणाली पाइप 184.372 किमी0 तथा 9636 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार विवरण निम्नवत है:–

कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि **इंटेकवेल (9 एम0एल0डी0), डब्लू0टी0पी0** (8MLD) **05 सी0डब्लू0आर0, 05 पम्प हाउस, 12 अवर जलाशय, राईजिंगमेन 84.621 किमी0, वितरण प्रणाली पाइप 184.372 किमी0, 9626** FHTC का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सभी 28 राजस्व ग्रामों में टेस्टिंग कमिशनिंग पूर्ण कर निर्बाध जलापूर्ति की जा रही है।

**रोड़–रेस्टोरेशनः**–प्रोजेक्ट मैनेजर पी0एन0सी0 द्वारा बताया गया कि सभी 28 राजस्व ग्रामों में सी0सी0 रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 24 राजस्व ग्रामों में बी0ओ0ई0/पेवर ब्लॉक का कार्य किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोड़–रेस्टोरेशन की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि जिन–जिन राजस्व ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है, उसे पर्याप्त मानवश्रम लगाकर **दिनांक–20.02.2024 तक** पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**हर घर जल सर्टीफिकेटः**–कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम सतही योजना के अन्तर्गत 26 राजस्व ग्रामों के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त टीमें लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन, एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण करते हुए तथा निरंतर रूप से जलापूर्ति करते हुए **दिनांक–20.02.2024** तक अवशेष हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

<u>हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पाइप पेयजल योजना</u>–:

हरौलीपुर नलकूप आधारित योजनान्तर्गत 123 नग नलकूप, 118 नग अवर जलाशय, 1 नग सी0डब्लू0आर0 वितरण प्राणाली के लिए पाईप बिछाने का कार्य 977.42 किमी0, 103 नग स्टाफ क्वाटर तथा 53504 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार प्रगति निम्नवत है:–

**नलकूपः**–कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि नलकूप आधारित योजना में प्रस्तावित सभी 123 नग नलकूप का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।



Scanned with OKEN Scanner

**पम्प हाउसः–** कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में कुल 123 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 118 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 05 नग पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–28.02.2024 तक अवशेष पम्प हाउसों का कार्य** पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि मैनपावर व मशीनरी लगाकर पम्प हाउस का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर फंक्शनल करना सुनिश्चित करें।

**अवर जलाशयः–**कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 118 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 108 अवर जलाशयों पर टॉप डोम का कार्य पूर्ण तथा 14 अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों के धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–29.02.2024 तक 12 तथा 30.03.2024 तक शेष सभी 02** अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। दिनांक–**20.02.2024** तक 08, **दिनांक–29.02.2024** तक 09 **अवर जलाशय को फंक्शनल कर दिया जायेगा।** जिलाधिकारी महोदय ने फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि कार्ययोजना के अनुसार सभी अवर जलाशयों पर पर्याप्त मानवश्रम लगाकर समान्तर रूप से निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराते हुए सभी अवर जलाशयों को कार्ययोजना के अनुसार पूर्ण कर फंक्शनल करना सुनिश्चित करें।

**वितरण प्रणाली/राइजिंगमेनः–**कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 975 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 01.16 किमी0 राइजिंगमेन बिछाने का कार्य शेष है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0(जेवी) के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि वितरण प्रणाली/राइजिंगमेन का कार्य **दिनांक–20.02.2024 तक पूर्ण** करना सुनिश्चित करें।

FHTC **कनेक्शनः–**एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 53504 FHTC के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 53348 HTC का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पाइप फिटिंग/नल संयोजन का कार्य शत–प्रतिशत यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

**रोड रेस्टोरेशनः–**कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 146 राजस्व ग्रामों में सी0सी0 रेस्टोरेशन किया जा चुका है तथा 56 ग्रामों में बी0ओ0ई0/पेवर ब्लाक का कार्य किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **29.02.2024 तक 10 तथा 07.03.2024 तक 09 राजस्व ग्रामों** में सी0सी0 रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण लिया जायेगा। इसी प्रकार **20.02.2024 तक 25, 29.02.2024 तक 25 तथा दिनांक–07.03. 2023 तक 40 राजस्व ग्रामों में बी0ओ0ई0/पेवर ब्लॉक** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सड़क रेस्टोरेशन की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया कि लगभग 01 माह में मात्र 01 ग्राम में सी0सी0 रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किया गया है। कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि जिन–जिन राजस्व ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन/बी0ओ0ई0 का कार्य अवशेष है, साप्ताहिक कार्ययोजना के अनुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंगः–**कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल भूजल योजना में 165 ग्रामों के सापेक्ष 146 राजस्व ग्रामों में टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य पूर्ण कर निरंतर रूप से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक **29.02.2024 तक** अवशेष सभी 19 राजस्व ग्रामों में कमिशनिंग कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि योजना से आच्छादित जिन ग्रामों में वितरण प्रणाली/गृह नल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य पूर्ण करते हुए निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें।

**हर घर जल सर्टीफिकेटः–**कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम भूजल योजना के अन्तर्गत 88 राजस्व ग्रामों के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जा चुका जिलाधिकारी महोदय हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जाने की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया कि 146 ग्रामों में जलापूर्ति के सापेक्ष मात्र 88 हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये गये हैं। उक्त से स्पष्ट होता है कि टेस्टिंग कार्य पूर्ण किये गये सभी ग्रामों में निरंतर



Scanned with OKEN Scanner

जलापूर्ति नहीं की जा रही है अथवा शत–प्रतिशत रोड–रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, बीच–बीच में पैच छूटे हुए हैं, जिसके कारण हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करने में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–20.02.2024 तक 17, 20.02.2024 तक 10, 07.03.2024 तक 10 तथा 30.03.2024 तक 40** हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि को निर्देशित किया पर्याप्त टीमें लगाकर रोड–रेस्टोरेशन, एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण करते हुए तथा निरंतर रूप से जलापूर्ति करते हुए साप्ताहिक कार्ययोजना के अनुसार **शत–प्रतिशत** हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

<u>पुर्नगठन पेयजल योजना</u>

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन की पुर्नगठन योजना में 11 पैकेज के कुल 108 ग्राम आच्छादित हैं। पुर्नगठन योजना का अनुबंध अगस्त, 2023 में किया गया है।

**1–मै0 अनिल कुमारः**–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा 02 नलकूप के सापेक्ष सभी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 26.90 किमी वितरण प्रणाली, 1550 नल संयोजन, 11.80 किमी रोड रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है। वर्तमान में 01 पम्प हाउस, 01 अवर जलाशय पर कार्य किया जा रहा है तथा मानवशक्ति के आभाव में 01 पम्प हाउस व 01 अवर जलाशय पर कार्य बन्द है। योजना के समस्त घटकों पर मानवशक्ति के आभाव के कारण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही। कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक–15.02.2024 तक पम्प हाउस तथा अवर जलाशय पर 01–01 टीम और लगा दी जायेगी तथा **दिनांक–15.03.2024 तक पम्प हाउस** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा पम्प हाउस तथा अवर जलाशयों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें तथा पाइप लाइन बिछाये जाने के बाद यथाशीघ्र हाइड्रोटेस्टिंग पूर्ण कराकर रोड़ रेस्टोरेशन कार्य पूर्व की भांति गुणवत्तपूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**2–मै0 श्री हरि इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा0 लि0:**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 01, 03, 04, 06 के अन्तर्गत कुल 45 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 19 नलकूपों का कार्य पूर्ण तथा 06 नलकूपों, 13 पम्प हाउस, 21 अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। 241.5 किमी पाइप लाइन, 15605 नल संयोजन, 22 किमी0 रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **नलकूपों का कार्य दिनांक–22.02.2024** तक पूर्ण कर लिया जायेगा तथा **दिनांक–07.03.2024 तक 04** अवर जलाशय, **30.03.2024 तक 04** अवर जलाशय, **30.04.2024 तक 04** अवर जलाशय तथा **दिनांक–30.05.2024 तक 13 अवर जलाशयों** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के समस्त अवयवों पर मानवश्रम का अभाव है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि सभी कम्पोनेन्ट पर पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाकर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**3–मै0 बी0के0 कंस्ट्रक्शन एण्ड कम्पनीः**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 08, 09 के अन्तर्गत कुल 26 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 20 नलकूपों का कार्य पूर्ण, 08 अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। 139.2 किमी पाइप लाइन बिछाने, 9560 नल संयोजन/एम0डी0पी0ई0 तथा 11 किमी0 रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है। योजना में 14 अवर जलाशयों के मरम्मत का कार्य किया जाना है, जिसके सापेक्ष 10 अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 04 स्थानों पर अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है।



Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम तथा मशीनरी लगाकर नलकूप, पम्प हाउस, पाइप लेइंग, एस०एस०टी०, अवर जलाशय रिपेयरिंग आदि समस्त घटकों का कार्य कार्ययोजना एवं मानकों के अनुरूप कराया जाय।

**4–मै0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता, कॉन्ट्रेक्टर**–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 02 के अन्तर्गत कुल 05 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 01 नलकूप का कार्य पूर्ण तथा 04 नग अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। 48.50 किमी वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 3056 नग नल संयोजन/एम०डी०पी०ई० का कार्य किया गया है। पम्प हाउस, सी०डब्लू०आर० तथा रोड–रेस्टोरेशन का कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–29.02.2024 तक सभी नलकूपों, 01 सी०डब्लू०आर० तथा 30.03.2024 तक 04 अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण** कर लिया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम तथा मशीनरी लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार कार्य सुनिश्चित करें।

**5–मै0 अवस्थी ट्यूबेल कम्पनी**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 05 के अन्तर्गत कुल 11 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 03 नलकूपों 81.6 किमी0 तथा 6140 नल संयोजन के सापेक्ष 5470 नल संयोजन/एमडीपीई, 04.6 किमी0 रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है। 05 अवर जलाशय के सापेक्ष 04 अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि सभी नलकूपों का कार्य **दिनांक–29.02.2024 तक तथा 05 अवर जलाशयों का कार्य दिनांक–30.03.2024 तक** पूर्ण कर लिया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम तथा मशीनरी लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**6–मै0 जय माँ लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन**:–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 10 व 11 के अन्तर्गत कुल 18 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना 02 नलकूपों का कार्य पूर्ण, 08 नलकूपों तथा 06 अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। वितरण प्रणाली 141 किमी बिछाने, 8210 एम०डी०पी०ई०/नल संयोजन का कार्य किया गया है। योजना में 09 अवर जलाशयों के रिपेयरिंग का कार्य किया जाना है, जिसके सापेक्ष 03 अवर जलाशय के रिपेयरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार कार्य कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी कार्यदायी फर्मों को निर्देशित किया गया कि आगामी लोक सभा निर्वाचन के दृष्टिगत रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराते हुए मार्च, 2024 तक पूर्ण कर ली जाय, जिससे निर्वाचन के समय असहज स्थिति उत्पन्न न हो। अन्यथा की स्थति में सम्बन्धित फर्म के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम एवं आवश्यक मशीनरी लगाकर समय से प्रस्तावित कार्य निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करायें। इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्य सम्पादन में जो सड़क/सी.सी. रोड/गलियां छतिग्रस्त हो गयी हों, उनके पुर्ननिर्माण का कार्य पाइप लाइन बिछाये जाने तथा हाइड्रोटेस्टिंग के पश्चात पूर्व की स्थिति के अनुसार



Scanned with OKEN Scanner

गुणवत्तापूर्ण सम्पन्न हो गया है। अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, पी0एम0सी0, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि सत्यापन करा लिया जाय कि राजस्व ग्राम के सभी परिवारों में गृह नल संयोजन दिये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कोई भी परिवार छूटा नही है तथा राजस्व ग्राम के सभी मोहल्ला/गली/वार्ड में पाइप लेइंग/रोड-रेस्टोरेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। कार्ययोजना के अनुसार कमिशनिंग कराया जाय, ग्रामों में पेयजल की टेस्टिंग/ट्रायल शुरू कराने के बाद इसे बन्द न किया जाय, निर्बाध रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। ग्राम में शत-प्रतिशत कनेक्शन तथा रोड रेस्टोरेशन कराकर 'हर घर जल' ग्राम घोषित कराया जाय। ग्रामों में पेयजल आपूर्ति का रोस्टर तैयार कर उसका प्रचार-प्रसार कराया जाय। अधिशासी अभियंता/अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर, टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कराये तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

(सुरेश कुमार)
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

**कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर**
*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

दिनांक-16 फरवरी, 2024

**पत्र संख्या-536/न0गंगे-पेय0परि0.स0बै0(2022-23)**
**प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-**

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई-मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक महोदय, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।(ई-मेल)
4. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई-मेल द्वारा)
5. मुख्य अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी। (ई-मेल द्वारा)
6. अधीक्षण अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा को इस आशय से कि पुर्नगठन योजनाओं के अनुबंध की शर्तों के अनुरूप कार्यवाही कर अवगत करायें।
7. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), हमीरपुर को इस निर्देश के साथ कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए 05 दिवस के अन्दर अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।
8. अधिशासी अभियंता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट। (ई-मेल द्वारा)
9. टीम लीडर पी0एम0सी0(आर0वी0 एसोसिएट्स)/टीम लीडर, टी0पी0आई0(सेन्सिस टेक लि0) हमीरपुर।
10. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0/जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
11. पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मो को अनुपालनार्थ।
12. स्टेट हेड, पी0एन0सी0/जे0डब्लू0आई0एल0। (ई-मेल द्वारा)

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।



Scanned with OKEN Scanner